कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 1635/एसएलएसए-37/2013 दिनांकित अप्रैल 28, 2022 के अनुक्रम में जनपद इटावा में स्थापित ए0डी0आर0 सेंटर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में तृतीय श्रेणी के संविदा पद पर कार्य करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

क्र0सं0	पद नाम	पदों की संख्या	मासिक मानदेय की धनराशि
01	तृतीय श्रेणी कर्मचारी (संविदात्मक कनिष्ठ लिपिक)	02 (दो)	रू0 10,730/-

नियम व शर्तें

01-नागरिकता- आवेदक का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है।

02-शैक्षणिक योग्यता- मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्था से इण्टरमीडिएट या समकक्ष, हिन्दी टंकण (25 शब्द प्रति मिनट) व अंग्रेजी टंकण (30 शब्द प्रति मिनट) का ज्ञान, कम्प्यूटर ज्ञान में ट्रिपल सी प्रमाण पत्र अथवा समकक्ष योग्यता। टंकण परीक्षा यूनीकोड फाण्ट पर होगी।

03-आयु-आवेदक की आयु 01 अगस्त 2022 को 18 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक न हो।

04-आवेदन निःशुल्क है।

05-उपरोक्त के अतिरिक्त आवेदक को अच्छे चाल-चलन वाला आज्ञाकारी व विनम्र स्वभाव होना अनिवार्य है।

06-आवेदक का कोई आपराधिक इतिहास व कोई भी अनैतिक आचरण का आरोप नही होना चाहिए।

07-नियुक्ति के समय आवेदक/अभ्यर्थी अपने स्वास्थ्य से संबंधित स्वस्थता प्रमाण पत्र राजकीय चिकित्सालय इटावा से प्राप्त कर प्रस्तुत करेगा।

08-नियुक्त कर्मचारी की सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर किसी भी समय व स्तर पर उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

09-अभ्यार्थियों का चयन कौशल परीक्षा (टंकण) व साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) संविदा पद हेतु सृजित पद का कार्यकाल दिनांक 28/02/2023 तक होगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित प्रारूप पर आवेदन समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिरकण, ए0डी0आर0 केन्द्र दीवानी न्यायालय परिसर, इटावा में दिनांक 30/09/2022 को सायं 05:00 बजे तक व्यक्तिगत डाक द्वारा जमा कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा। अभ्यार्थियों को कौशल परीक्षा व साक्षात्कार के संबंध में अलग से सूचना दी जाएगी।

संलग्नक: आवेदन पत्र का प्रारूप

(जसवीर सिंह यादव)
सचिव/सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।
दिनांक: 01/09/2022

प्रतिलिपि-

1- माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, इटावा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2- श्रीमान जिलाधिकारी महोदय, इटावा को इस आशय से प्रेषित कि वह कलेक्ट्रेट इटावा के सूचना पट पर चस्पा करवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।

3- केन्द्रिय नाजिर जजी, इटावा को इस आशय से प्रेषित कि वह जनपद न्यायालय इटावा के सूचना पट पर चस्पा करवाना सुनिश्चित करें।

4- सिस्टम ऑफिसर, कम्प्यूटर अनुभाग, इटावा को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति व आवेदन का प्रारूप माननीय उच्च न्यायालय व जनपद न्यायालय, इटावा की बेवसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

5- जिला सूचना अधिकारी, इटावा को उक्त विज्ञप्ति का सभी दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

(जसवीर सिंह यादव)
सचिव/सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।
दिनांक: 01/09/2022

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए0डी0आर0 सेंटर में तृतीय श्रेणी के संविदा पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद ______________________

आवेदक का नाम (हिन्दी में)______________________

(अंग्रेजी में)______________________

आवेदक के पिता का नाम (हिन्दी में)______________________

आवेदक के माता का नाम (हिन्दी में)______________________

आवेदन कर्ता का नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो

लिंग ______________________

जन्मतिथि (अंकों में)______________________

(शब्दों में)______________________

दिनांक 01/08/2022 को आयु वर्ष ______ माह _______ दिन ________

आवेदक का वर्तमान पता (फोन नं0 के साथ) ______________________

____

आवेदक का स्थायी पता (फोन नं0 के साथ) ______________________

____

शैक्षिक योग्यता (स्व प्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करें)

क0सं0	परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	वर्ष	श्रेणी	प्रतिशत
1	हाईस्कूल/समकक्ष				
2	इण्टरमीडिएट/समकक्ष				
3					
4					
5					

ऐसी कोई विशेष अर्हता जिसका उल्लेख करना चाहते हो ______________________

____

संलग्नकः

1.

2.

3.

(आवेदक का हस्ताक्षर)

उद्घोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरे निजी ज्ञान में सच व सही है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूठी पायी गयी तो पूर्णरूपेण जिम्मेदार मैं स्वयं हूँगा/हूँगी व इस संबंध में विभाग द्वारा मेरे विरूद्ध की गई कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैने आवेदन संबंधी समस्त नियम/शर्तों का भली भॉति अवलोकन कर लिया है, तथा समस्त शर्तें स्वीकार है

दिनांक–

स्थान–

(आवेदक का हस्ताक्षर)